मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 238 | रविवार, 15 दिसंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

हिना खान को गूगल पर सबसे ज्यादा किया गया सर्च

# बदलापुर-पनवेल की दूरी होगी कम





- सुरंग का काम जल्द होगा पूरा
- बड़ौदा-जेएनपीए राजमार्ग भी जल्द ही पूरा हो जाएगा

**बदलापुर.** बदलापुर से पनवेल की दूरी अब कम होने जा रही है. बड़ौदा-जेएनपीए मार्ग से यह दूरी 10 मिनट में तय की जा सकेगी। इस मार्ग पर बननेवाले सुरंग का काम लगभग पूरा हो चुका है और इसकी लंबाई 4 किलोमीटर है। इस लंबी सुरंग के पूरा होने से बदलापुर से मुंबई तक सड़क यात्रा अब आसान हो जाएगी।

वर्तमान में अगर आप बदलापुर से मुंबई या नवी मुंबई जाना चाहते हैं, तो लोकल ट्रेन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हालांकि, लोकल ट्रेनों की देरी और भीड़भाड़ के कारण बदलापुर से मुंबई तक का सफर कई लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बड़ौदा से जेएनपीए राजमार्ग पर माथेरान के पास सुरंग से बदलापुर के लोगों को काफी लाभ होगा। सवा चार किलोमीटर लंबी सुरंग से बदलापुर से पनवेल तक की यात्रा मात्र 10 मिनट में पूरी की जा सकेगी। चूंकि बदलापुर-पनवेल सीधे जुड़ा हुआ है, इसलिए कोंकण समुद्री राजमार्ग पर यात्रा करना आसान होगा। इसके अलावा, बदलापुर निवासी लगभग 40 मिनट में मुंबई की यात्रा कर सकते हैं।

जेएनपीटी मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे के बदलापुर से पनवेल खंड पर 4.16 किलोमीटर सुरंग का काम रिकॉर्ड समय में पूरा हो गया है। इस सुरंग का काम मात्र पंद्रह महीने में पूरा हो गया। जेएनपीटी मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे के दो प्रवेश और निकास बिंदु हैं - बदलापुर और रायते। इस राजमार्ग से जुड़कर बदलापुर भविष्य में एक व्यावसायिक केंद्र बन जाएगा। जेएनपीटी बंदरगाह पर आने वाले कंटेनरों को उतारने के लिए बदलापुर, अंबरनाथ और वांगनी क्षेत्रों में एक लॉजिस्टिक पार्क स्थापित किया जाएगा। इससे इस क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसर पैदा होंगे।

चूंकि बदलापुर शहर इस एक्सप्रेस हाईवे से जुड़ा हुआ है, इसलिए बदलापुर के लोग मात्र चालीस मिनट में मुंबई तक पहुंच सकेंगे। बदलापुर से जेएनपीटी की दूरी मात्र बीस मिनट में तय की जा सकेगी और बदलापुर के निवासियों को पनवेल एयरपोर्ट पहुंचने में बीस मिनट लगेंगे। साथ ही, जेएनपीटी की ओर जाने वाली सड़क पर चलने वाले वाहनों को अटल सेतु तक जाने के लिए सुविधाजनक मार्ग मिल जाएगा।

### तेजी से चल रहा है काम

बड़ौदा जेएनपीटी राजमार्ग पर काम वर्तमान में बहुत तेज गति से चल रहा है। इस सुरंग से पनवेल, तलोजा और कल्याण सड़क मार्गों पर यातायात की भीड़ भी कम हो जाएगी। इस राजमार्ग पर बदलापुर से पनवेल तक यात्रा के लिए दो सुरंगों का निर्माण किया गया है। इन दोनों सुरंगों की खुदाई पूरी हो चुकी है। एक सुरंग का काम लगभग पूरा हो चुका है तथा दूसरी सुरंग के अंदर प्लास्टरिंग का काम भी पूरा हो चुका है।

### बदलापुर में बढ़ेंगी मकान और जमीन की कीमतें



बड़ौदा से जेएनपीटी राजमार्ग बदलापुर के लोगों के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण साबित होगा। क्योंकि इस राजमार्ग से बदलापुर के लोगों के लिए यात्रा आसान हो जाएगी। इसके अलावा इस राजमार्ग के पूरा होने के बाद बदलापुर में भारी निवेश की संभावना है। इसलिए, भविष्य में बदलापुर में मकान और जमीन की कीमतें काफी बढ़ सकती हैं। इसलिए, उम्मीद है कि आने वाले समय में बदलापुर रियल एस्टेट बाजार में निवेश का केंद्र बन जाएगा।

# बस चालकों को एक माह का प्रशिक्षण



- उल्हासनगर में ड्राइवर, कंडक्टर, डिपो कर्मचारी कांट्रैक्ट पर

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा परिवहन बस सेवा के ड्राइवर को एक महीने की ट्रेनिंग के बाद बस की स्टीयरिंग सौंपी जा रही है. ऐसी जानकारी विभाग प्रमुख विनोद केनी ने दी. हालाँकि बसें मनपा के स्वामित्व में हैं, लेकिन ड्राइवरों, वाहकों और कर्मचारियों को अनुबंध के आधार पर काम पर रखा जाता है और उन्हें सरकारी नियमों के अनुसार भुगतान किया जाता है।

उल्हासनगर मनपा ने पहले एक निजी ठेकेदार के माध्यम से परिवहन बस सेवा शुरू की थी. लेकिन ठेकेदार को टिकट की कीमत में वृद्धि को मंजूरी नहीं दी गई, जिसके बाद बस सेवा बंद हो गई थी। पूर्व आयुक्त राजा दयानिधि और उपायुक्त अशोक नाइकवाड़े के प्रयासों के बाद केंद्र सरकार ने एनसीएपी योजना के तहत मनपा को कुल 20 एसी और 10 गैर-एसी बसें प्रदान कीं।

हालाँकि बसें महानगरपालिका के स्वामित्व में हैं, लेकिन 50 ड्राइवर, 50 कंडक्टर, बस डिपो के लिए तकनीकी कर्मचारी, बस डिपो प्रमुख, उप प्रमुख आदि के पद ठेकेदारों द्वारा अनुबंध के आधार पर भरे जाते हैं। मनपा परिवहन सेवा के तहत चलने वाली सभी बसें ई-बसें हैं और इसके लिए दो बिजली चार्जिंग केंद्र शुरू किए गए हैं। बस शेल्टर, बस मरम्मत केंद्र आदि अभी तक नहीं बने हैं।

मनपा परिवहन बस चालकों को काम सौंपने से पहले उन्हें एक महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है। पिछले 9 महीनों में बस दुर्घटना की कोई घटना नहीं हुई है. केनी ने बताया कि ड्राइवर की शारीरिक फिटनेस की समय-समय पर जांच की जाती है.

एक बस प्रतिदिन कम से कम 160 किमी चलती है। इसे चलाने का नियम है और महानगर पालिका बस चलाने वाले ठेकेदार को 15.65 रुपये प्रति किलोमीटर का भुगतान करती है। बस सेवा के प्रति जनता की प्रतिक्रिया अच्छी है. कल्याण, अंबरनाथ, बदलापुर सड़कों पर 10 एसी बसें चल रही हैं। शहर के भीतर 10 नॉन-एसी बसें संचालित होती हैं।

> परिवहन बसों का स्वामित्व नगर निगम के पास है और वाहक, चालक और अन्य कर्मचारी अनुबंध के आधार पर रखे जाते हैं। ड्राइवर को बस चलाने की एक महीने की ट्रेनिंग के बाद बस की स्टीयरिंग सौंपी जाती है।
>
> **-विनोद केनी,**
> परिवहन बस विभागाध्यक्ष,
> उल्हासनगर

# भिवंडी के पड़घा इलाके में पकड़ा गया तेंदुआ

- वन विभाग की टीम ने 7-8 घंटे की कसरत के बाद पिंजरे में किया बंद

**भिवंडी.** भिवंडी के पडघा इलाके के वेयरहाउस इलाके में शुक्रवार को एक तेंदुआ देखा गया। वन विभाग ने आधी रात को इस तेंदुए को पकड़ने में सफलता पाई। तेंदुआ सात से आठ साल का नर है और उसकी निगरानी मेडिकल टीम कर रही है। वन विभाग करीब सात से आठ घंटे से तेंदुए को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। एक पिंजरे में तेंदुए के सामने एक मुर्गी रखी गई थी और तेंदुआ उसका शिकार करने के लिए पिंजरे में चला गया, जिससे वन विभाग ने उसे पकड़ लिया।

भिवंडी के पडघा इलाके में एक गोदाम क्षेत्र है। शुक्रवार की सुबह एक ट्रक चालक ने गोदाम क्षेत्र में एक तेंदुआ देखा। ट्रक चालक ने तुरंत गोदाम क्षेत्र में काम कर रहे कर्मचारियों को इसकी सूचना दी। स्थानीय लोगों को तेंदुए के घुसने की सूचना मिलने के बाद नागरिकों में दहशत का माहौल फैल गया। तेंदुए की खोज करते समय स्थानीय लोगों ने उसे एक गोदाम की सीवेज प्रणाली के लिए खोदी गई नाली में बैठा पाया गया. उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। इसके बाद दोपहर करीब एक बजे वन विभाग और पॉज एनिमल प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन की टीम मौके पर पहुंची। तेंदुए को पकड़ने के कई प्रयास किए गए। लेकिन चूंकि सीवर संकरा था और गोदाम क्षेत्र बहुत तंग था, इसलिए उसे पकड़ना संभव नहीं था। अंततः वन विभाग की एक टीम ने रात में नहर का एक हिस्सा काटकर वहां पिंजरा लगा दिया। इस पिंजरे में एक मुर्गी रखी गई थी। दो-तीन घंटे बाद भी तेंदुआ पिंजरे में नहीं आया। अंततः आधी रात के करीब तेंदुआ मुर्गियों का शिकार करने पिंजरे के पास आया और पिंजरे में फंस गया। बाद में तेंदुए को बेहोश कर उसे पिंजरे सहित तुरंत बाहर निकाल लिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में पहले कभी तेंदुआ नहीं देखा गया था। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि तेंदुआ रास्ता भटक गया होगा और इसलिए यहां आ गया। संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ने विनय जंगले बताया कि तेंदुआ नर है और उसे मेडिकल टीम की देखरेख में रखा गया है।



# फ्लिपकार्ट से चोरी करने वाला गिरोह धराया





- कल्याण क्राइम ब्रांच ने किए 4 गिरफ्तार
- लाखों के मोबाइल व लैपटॉप चोरी किए

**कल्याण.** कल्याण क्राइम ब्रांच ने कल्याण कोलसेवाड़ी इलाके में फ्लिपकार्ट हब से लाखों रुपये के मोबाइल, लैपटॉप और अन्य महंगे सामान चुराने वाले एक गिरोह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान प्रणव पांचाल, प्रशांत शेलार, अमित राणे और अजीत राणे के रूप में हुई है। इस मामले की आगे की जांच कोलसेवाडी पुलिस स्टेशन में चल रही है.

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार न हो

**उल्हासनगर.** मुस्लिम समुदाय का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा का तत्काल समाधान निकालना चाहिए और राज्य में कुछ सामाजिक कार्यकर्ता जानबूझकर बांग्लादेशी हिंसा के नाम पर गरीब फेरीवालों और खुदरा विक्रेताओं की पिटाई कर रहे हैं इसके विरोध में उल्हासनगर मुस्लिम समाज ने प्रांत अधिकारी विजयानंद शर्मा से मुलाकात कर एक बयान दिया गया जिसमें शहीद अंसारी, मैनुद्दीन शेख, पूर्व नगरसेवक जफर चौधरी, मोनू सिद्दीकी, शब्बीर इंद्रीसी, हाशिम खान, इरशाद खान, जावेद शेख, अलीमुद्दीन अंसारी, बादशाह शेख, वसीम शेख, यूसुफ शेख और उल्हासनगर शहर के विभिन्न मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# MIDC की स्ट्रीट लाइट बंद



- राष्ट्रवादी कांग्रेस का एमआईडीसी कार्यालय पर मोर्चा

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ एमआईडीसी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट गत गई दिनों से बंद है. यहां पर रात में अंधेरा रहने के कारण कंपनियों की महिला मजदूरों को रात में काम पर से छूटने के बाद एक डर सा लगा रहता है. स्ट्रीट लाइट को शुरू किए जाने की मांग को लेकर राकांपा ठाणे जिला मजदूर सेल के अध्यक्ष प्रमोद बोडारे, राकांपा शहराध्यक्ष सदाशिव पाटिल के नेतृत्व में एमआईडीसी कार्यालय पर मोर्चा निकालकर अधिकारी रमेश पाटिल को निवेदन देकर मांग की गई कि स्ट्रीट लाइट को जल्द से जल्द शुरू किया जाए.

विदित हो कि शहर एमआईडीसी क्षेत्र में लगभग 500 छोटी बड़ी कंपनियां हैं, जिसमें हजारों मजदूर नौकरी करते हैं. महिला मजदूर भी सैकड़ों की संख्या में हैं. अधिकारी को सदाशिव पाटिल ने कहा कि शाम 7-8 बजे गरीब महिला मजदूर पैदल चलकर अपने घर की तरफ जाती हैं. सड़क एवं चौक पर स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण अंधेरे से महिलाएं डरी रहती हैं. लूटपाट के मामले बढ़ जाते हैं. इससे पहले ऐसा हो चुका है.

प्रमोद बोडारे ने अधिकारी से कहा कि जल्द स्ट्रीट लाइट शुरू नहीं की गई तो वह दोबारा आंदोलन करेंगे. अधिकारी रमेश पाटिल ने आश्वासन दिया कि 3 हफ्ते के भीतर स्ट्रीट लाइट शुरू कर दी जाएंगी. मोर्चे में पूनम शेलार, पुष्पराज गायकवाड़, विनय मिश्रा, धनंजय सुर्वे आदि उपस्थित थे.

# कुत्ते-बिल्ली के काटने से युवक की मौत

- युवक ने काटने की घटना को गंभीरता से नहीं लिया
- इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ा

**कल्याण.** एक युवक को आवारा कुत्ते ने काट लिया और कुछ दिन बाद बिल्ली ने भी काट लिया लेकिन युवक ने इलाज नहीं कराया। तीन दिन पहले उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. दुर्भाग्यवश इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक युवक का नाम शुभम मनोज चौधरी है. इस घटना से एक बार फिर आवारा कुत्तों का मुद्दा सामने आ गया है. शुभम अपने परिवार के साथ कल्याण पश्चिम के गोल्डन पार्क बिल्डिंग में रहता था। शुभम के पिता घाटकोपर में एक निजी मेडिकल दुकान में काम करते हैं। शुभम अपनी पढ़ाई पूरी कर रहा था और नौकरी की तलाश कर रहा था। दो माह पहले शुभम रात को टहलने के लिए निकला था। वहां एक आवारा कुत्ते ने शुभम को काट लिया। काटने को मामूली समझकर शुभम ने इलाज नहीं कराया। फिर पिछले हफ्ते उन्हें एक बिल्ली ने काट लिया. चूँकि वह दंश भी मामूली था इसलिए उन्होंने उसका इलाज भी नहीं किया। अचानक 10 दिसंबर को उनकी हालत बिगड़ गई. उनके परिवार वाले उन्हें इलाज के लिए पहले कल्याण के दो निजी अस्पतालों में ले गए। उनकी हालत गंभीर होने के कारण कलवा अस्पताल से मुंबई के कस्तूरबा अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान 12 दिसंबर की सुबह छह बजे उनकी मौत हो गई.



# EVM हटाओ के लिए 20 हजार हस्ताक्षर

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में 'ईवीएम हटाओ संविधान बचाओ' 'बैलेट पेपर से चुनाव कराओ' अभियान को अच्छा प्रतिसाद मिला है. ये अभियान अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा पाटिल और उनके कार्यकर्ताओं ने लोगों के हस्ताक्षर लेकर शहर में दो दिनों तक चलाया.

20 हजार से ज्यादा लोगों ने हस्ताक्षर करके अपना इरादा जाहिर किया है कि वह ईवीएम हटाओ के पक्ष में हैं और चुनाव बैलेट पेपर से कराने के हक में हैं.

11 दिसंबर को शहर पूर्व के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर एवं 13 दिसंबर को पश्चिम में स्टेशन चौक पर सुबह से शाम तक कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर मुहिम को पूरा किया. अध्यक्ष कृष्णा पाटिल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष नाना पटोले के आदेश पर एवं ठाणे जिलाध्यक्ष दयानंद चोरघे के मार्गदर्शन में ईवीएम के खिलाफ में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया.

हस्ताक्षर करने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई थी. विदित हो कि ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने को लेकर प्रदेश कांग्रेस पक्ष ने राज्य में 5 दिसंबर से 20 दिसंबर तक हस्ताक्षर अभियान छेड़ रखा है. दो दिनों तक के हस्ताक्षर अभियान में एड. कृष्णा पाटिल रोहित प्रजापति, गणी पीरजादे, नंदकुमार देवडे, अनिता प्रजापति, राजेंद्र मिश्रा, शंकर गायकवाड़, सायरा सय्यद आदि ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया.












**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास संपादकीय

## हर्ष फायरिंग के नाम पर हो रही हिंसा

भारतीय समाज में विवाह समारोह के दौरान दिखावे की प्रवृत्ति इस कदर बढ़ती गई है कि अब उसमें हिंसक प्रवृत्तियों का भी खुल कर प्रदर्शन किया जाने लगा है। शादी-ब्याह के मौके पर बंदूक और राइफल से गोली दाग कर खुशी का इजहार करने का यह कौन-सा तरीका है जिसमें किसी बेकसूर की जान चली जाए। सवाल है कि विवाह के अवसर पर हथियार लेकर चलने की परंपरा के पीछे कौन-सी मानसिकता काम करती है। इस बात को किसी तर्क पर ठीक माना जा सकता है कि कोई व्यक्ति कानून के दायरे में अपनी आत्मरक्षा का हवाला देकर कोई हथियार रखता है।

मगर लोग खुशी का इजहार करने के नाम पर भी गोलियां दाग रहे हैं और उससे कई बार विवाह समारोह में ही मातम पसर जाता है तो उससे किसको खुशी मिल सकती है? दिक्कत यह है कि गोलीबारी में वधू या वर पक्ष के करीबी लोगों के शामिल होने के कारण कई बार मामले को कानूनी अंजाम तक नहीं पहुंचने दिया जाता है।

लाइसेंसी हथियार सिर्फ आत्मरक्षा की कानूनी परिभाषा के तहत रखने की छूट है, लेकिन आज यह दिखावे का औजार बनता जा रहा है। कई लोग शान बघारने या दबंगई दिखाने के लिए ऐसे मौके पर हथियार लेकर आते हैं। जबकि अकारण हवा में गोली चलाना अपराध है और इसके लिए सजा भी हो सकती है।

गौरतलब है कि हरियाणा के चरखी दादरी में एक विवाह समारोह में जश्न के नाम पर किसी ने गोलियां दागीं, जिसकी चपेट में आकर तेरह साल की एक बच्ची की मौत हो गई और उसकी मां जख्मी हो गई। यह कोई पहली घटना नहीं है। लुधियाना में पिछले महीने विदाई के वक्त भाई की चलाई गोली दुल्हन के माथे में जा लगी थी। इसी तरह हाल में मथुरा में जयमाला के दौरान करीबी रिश्तेदार की ऐसी ही लापरवाही के कारण दुल्हन को गोली लग गई। देश के कई इलाकों में खुशी मौके पर हवा में गोलियां चलाना शान का प्रदर्शन माना जाता रहा है, लेकिन इसके पीछे कहीं न कहीं लोगों के भीतर छिपी सामंती कुंठा होती है। शादी-ब्याह में रिश्तेदार ही दिखावे के लिए गोलियां दागने लगें, तो समझा जा सकता है कि हमारे समाज में यह कुंठा कितनी गहरी हो चुकी है। दिखावे की हिंसा की ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

# गुकेश ने किया छोटी उम्र में बड़ा कमाल

डोम्माराजू गुकेश का महज 18 साल की उम्र में शतरंज का विश्व चैंपियन बनना देश के लिए एक ऐसी शानदार उपलब्धि है, जो इसके पहले किसी भारतीय खिलाड़ी ने किसी भी अंतरराष्ट्रीय खेल में अर्जित नहीं की। गुकेश की यह उपलब्धि इसलिए अभूतपूर्व हो जाती है कि विश्वनाथन आनंद जब विश्व चैंपियन बने थे तो वह करीब 31 साल के थे। आनंद ने 2013 में जब अपना खिताब गंवाया, तब गुकेश ने शतरंज खेलना शुरू ही किया था। वह 2019 में 12 साल सात माह की आयु में दूसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बन गए थे। इसके चार साल के अंदर वह विश्व चैंपियन बन गए। यह किसी चमत्कार से कम नहीं। गुकेश जब ग्रैंडमास्टर नहीं बने थे, तभी उन्होंने कहा था कि मैं सबसे कम उम्र का शतरंज विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं। आखिरकार सिंगापुर में उन्होंने यह कर दिखाया और अपने बचपन के सपने को साकार किया। उन्होंने चैंपियन बनने के लिए केवल सपने ही नहीं देखे, बल्कि उनकी पूर्ति के लिए निरंतर प्रयत्न भी किए। इसमें उनके माता-पिता का भी भरपूर योगदान रहा, जिन्होंने बेटे के सपने को पूरा करने के लिए जो कुछ संभव था, किया। एक समय तो डाक्टर पिता ने नौकरी भी छोड़ दी थी।




गुकेश की सफलता की महत्ता इसलिए कहीं अधिक है, क्योंकि उनके पहले विश्व में कोई भी इतनी कम उम्र में शतरंज का विश्व चैंपियन नहीं बना। उनके पहले गैरी कास्पारोव शतरंज के युवा विश्व चैंपियन थे। जब गैरी विश्व चैंपियन बने थे, तब उनकी उम्र 22 साल सात महीने थी। गुकेश ने इतिहास रच दिया। इसी कारण उनकी गिनती कम उम्र में करिश्मा करने वाले दुनिया भर के अन्य खिलाड़ियों से की जा रही है। गुकेश की सफलता ओलिंपिक में जेवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक जीतने जैसी है। यहां यह ध्यान रहे कि जेवलिन थ्रो शतरंज के मुकाबले कम ही देशों में प्रचलित है। छोटी उम्र में बड़ा कमाल करने वाले गुकेश को पुरस्कार राशि के रूप में 1.35 मिलियन डालर यानी करीब 11.45 करोड़ रुपये मिलेंगे।

सिंगापुर में आयोजित वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप की कुल पुरस्कार राशि 2.5 मिलियन डालर (21.2 करोड़ रुपये) थी। यह भारी भरकम राशि शतरंज की लोकप्रियता बयान करती है। भारत और विशेष रूप से उत्तर भारत में शतरंज भले ही उतना लोकप्रिय खेल न हो, लेकिन यह फुटबाल के बाद दुनिया का दूसरा लोकप्रिय खेल है। यह करीब 200 देशों में खेला जाता है। चूंकि अब गुकेश के रूप में भारत के पास सफलता की एक बड़ी गाथा है, इसलिए देश में इस खेल की लोकप्रियता बढ़ने के और अधिक आसार हैं। सक्सेस स्टोरी हर किसी और खासकर बच्चों एवं युवाओं को प्रेरणा प्रदान करती है। शतरंज के बारे में कहा जाता है कि इसका आविष्कार भारत में हुआ। हाल के समय में गुकेश, अर्जुन एरिगेसी, पी. हरिकृष्णा, आर. प्रगनानंद, विदित गुजराती आदि ने यह दिखाया है कि शतरंज फिर से भारत में जड़ें जमा रहा है। इसकी पुष्टि तब भी हुई थी, जब भारत ने हाल में शतरंज ओलिंपियाड में स्वर्ण पदक जीता था।

18 साल के गुकेश ने 32 साल के चीनी खिलाड़ी और गत चैंपियन डिंग लिरेन को 6.5 के मुकाबले 7.5 के स्कोर से हराया। हालांकि वह अपना पहला मुकाबला हार गए थे, लेकिन तीसरी बाजी वह अपने नाम करने में सफल रहे। इसके बाद दोनों ग्रैंडमास्टर्स ने सात मुकाबले ड्रा खेले। फिर 11वां मुकाबला गुकेश ने जीता। इसके बाद 12 वां मुकाबला चीनी ग्रैंडमास्टर ने जीत लिया। 13 वीं बाजी फिर ड्रा रही। 14 वीं बाजी गुकेश ने जीतकर खिताब अपने नाम किया। यदि यह बाजी भी ड्रा रहती तो जीत का फैसला टाईब्रेकर से होता। बेस्ट आफ 14 फार्मेट में जीत हासिल करने वाले गुकेश तीसरे ग्रैंडमास्टर रहे। उनके पहले डिंग लिरेन और मैग्नस कार्लसन भी ऐसा कर चुके हैं। दोनों ग्रैंडमास्टर्स के बीच कांटे की टक्कर ने यह दिखाया कि चीनी खिलाड़ी को कमतर करके नहीं आंका जा सकता।

शतरंज के खेल में धैर्य और मानसिक दृढ़ता बहुत मायने रखती है और गुकेश ने यह साबित किया कि इतनी कम उम्र में वह मानसिक रूप से कहीं अधिक मजबूत हैं। यही मजबूती उनकी सफलता का कारण बनी। उनकी सफलता के पीछे उनकी खुद की लगन और मेहनत तो रही ही, उनकी टीम का सपोर्ट भी रहा। पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद भले ही उनकी टीम का हिस्सा न हों, लेकिन वह अन्य भरतीय शतरंज खिलाड़ियों की तरह उनके भी प्रेरणास्त्रोत हैं। गुकेश विश्वनाथन आनंद की चेस अकादमी वेस्टब्रिज का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने शतरंज के कई गुर उनसे भी सीखे हैं।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हमारे भीतर एकत्व और एकता का भाव जन्मजात है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# पूजा स्थलों पर दावों की सुनवाई पर रोक

पिछले कुछ समय से जिस तरह उपासना स्थलों पर दावेदारी की कोशिशें चल रही हैं, उसमें सर्वोच्च न्यायालय का ताजा निर्देश निश्चय ही राहत देने वाला है। न्यायालय की तीन जजों की पीठ ने देश की सभी अदालतों से कहा है कि वे पूजा स्थलों से संबंधित सर्वेक्षण या अन्य किसी प्रकार की राहत के लिए अनुरोध वाली याचिका पर विचार न करें या कोई अंतरिम या अंतिम फैसला न सुनाएं। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर को लेकर दावा किया गया था कि वहां पहले हिंदू मंदिर था। विवाद बढ़ गया तो न्यायालय के निर्देश पर उस स्थान का सर्वेक्षण कराया गया। फिर उसके तथ्यों के आधार पर मस्जिद परिसर के एक हिस्से में हिंदू श्रद्धालुओं को पूजा करने का आदेश दे दिया गया।



वह फैसला एक नजीर बन गया और फिर देश के विभिन्न हिस्सों में मस्जिदों के नीचे किसी हिंदू मंदिर के अवशेष दबे होने के दावे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के संभल में एक मस्जिद को लेकर इसी तरह के दावे की याचिका पर निचली अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दे दिया। उस पर हिंसा भड़क उठी और पांच लोग मारे गए। उसके बाद अजमेर दरगाह के हिंदू मंदिर की जगह बने होने का दावा किया गया, तो वहां की अदालत ने उसके सर्वेक्षण का आदेश दे दिया। इन घटनाओं से विवाद बढ़ता गया।

हालांकि पूजा स्थलों पर ऐसे दावे कोई पहली बार नहीं किए जा रहे हैं। पहले भी अयोध्या के विवादित ढांचे के साथ-साथ अलग-अलग शहरों में मस्जिदों और दरगाहों को अवैध ठहराने की कोशिशें की गई थीं। उसी के मद्देनजर उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 बनाया गया। उसमें स्पष्ट कहा गया है कि 15 अगस्त, 1947 को विद्यमान उपासना स्थलों का धार्मिक स्वरूप वैसा ही बना रहेगा, जैसा वह उस दिन था। इसमें अयोध्या के विवादित ढांचे को इसलिए अलग रखा गया था कि उसे लेकर मामले पहले से चल रहे थे। मगर ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण के बाद फिर से वैसे दावे शुरू हो गए और उपासना स्थल अधिनियम को नजरअंदाज किया जाने लगा।

अब तो सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कराई गई है कि उपासना स्थल अधिनियम की धारा दो, तीन और चार को रद्द करने का आदेश दिया जाए। इस पर सर्वोच्च न्यायालय विचार करेगा। इसलिए भी निचली अदालतें स्वतः पूजा स्थलों के स्वरूप परिवर्तन आदि के लिए दायर याचिकाओं पर सुनवाई टालने को बाध्य हैं। जब भी समान प्रकृति के किसी मामले पर सर्वोच्च न्यायालय सुनवाई कर रहा होता है, तो उस पर निचली अदालतों को अपनी सुनवाई रोक देनी होती है। उपासना स्थल अधिनियम से जुड़े मामलों पर भी यही नियम लागू होता है।

सर्वोच्च न्यायालय इस मामले में क्या फैसला करता है, देखने की बात है, मगर हमारे संविधान की मूल भावना क्या है, उस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। हमारा संविधान पंथ निरपेक्षता और दूसरे धर्मों का आदर करने की वकालत करता है। वैसे भी हमारा इतिहास आक्रांताओं की ज्यादतियों से भरा पड़ा है। अगर उनकी बनाई इमारतों, पूजा स्थलों को ढहा कर उन पर नया स्वरूप खड़ा भी कर दिया जाए, तो वह इतिहास नहीं बदलेगा। इस तरह की बदले की कार्रवाइयों से सामाजिक समरसता ही भंग होगी। अच्छी बात है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह की दावेदारी वाली याचिकाओं की सुनवाई पर रोक लगा दी है। मगर इसे लेकर अंतिम रूप से कोई व्यवस्था बनाने की दरकार है।

# पेंसिल की 35 साल पुरानी दुकान, 200 रुपये तक है कीमत

**जरा हट के**

ईरान के तेहरान में एक दुकान है, जिसमें सिर्फ पेंसिल मिलती हैं, पर रोचक बात ये है कि इसे देखकर सिर्फ बच्चे ही नहीं, बड़े भी होश-ओ-हवास खो देते हैं. वो इसलिए क्योंकि ये दुकान सिर्फ पेंसिलों से ठुंसी हुई है, इसे देखकर लोगों के अंदर अचानक ही पेंसिल खरीदने की रुचि पैदा हो जाती है. हाल ही में इस दुकान से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आपका भी पेंसिल खरीदने का मन हो जाएगा.

तेहरान में एक 35 साल पुरानी दुकान है, जिसमें सिर्फ पेंसिलें मिलती हैं. ऐसा कम ही देखने को मिलता है, क्योंकि आमतौर पर पेंसिल, स्टेशनरी की दुकान पर मिलती है जहां अन्य तरह के सामान भी उपलब्ध होते हैं. इस छोटी सी दुकान में हजारों रंगीन पेंसिलें हैं. उन्हें खरीदने के लिए बड़े से लेकर बच्चे तक आते हैं. दुकान



का नाम मेदाद राफी है और दुकानदार हैं मोहम्मद रफी. 1990 में उन्होंने दुकान खोली थी, उसके बाद वो इस इलाके में काफी मशहूर हो गए.

दुनिया भले ही डिजिटल हो गई, पर रफी का पेंसिलों से प्यार खत्म नहीं हुआ. वो आज भी हजारों पेंसिलों से हर दिन घिरे रहते हैं जो अलग-अलग शेड की होती हैं. अब उन्हें भी नहीं याद है कि दुकान में कितनी पेंसिल हैं, पर उनका कहना है कि हर रंग के करीब 200 शेड उनके पास मौजूद हैं. सबसे महंगी पेंसिल की कीमत करीब 200 रुपये तक है. जिन लोगों को ड्रॉइंग से प्यार है, वो यहां रंगीन पेंसिल खरीदने आते हैं. उनके पास जो सबसे पुरानी पेंसिल है, वो 72 साल पहले बनी थी.

इंस्टाग्राम अकाउंट @jackofftoart पर एक वीडियो शेयर किया गया है जिसमें रफी अपनी दुकान में नजर आ रहे हैं. वीडियो में बताया गया कि उन्हें हजारों पेंसिलों की लोकेशन तक याद है, बिना गलती किए वो सही पेंसिल खोजकर अपने ग्राहकों को दे देते हैं. इस वीडियो को 1 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक ने कहा कि ये तो हैरी पॉटर फिल्म के जादुई छड़ी बेचने वाले शख्स जैसा लग रहा है!

# योगा से खुद को करें चार्ज, दिन भर नहीं आएगी आलस

**योगा शरीर को स्वस्थ करने के साथ-साथ मन को भी शांत करता है। यह मांसपेशियों को लचीला और मजबूत बनाता है। योगासन करने से शरीर का रक्त प्रवाह बेहतर होता है। इससे हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलती है। वहीं, भागदौड़ भरी जिंदगी में कई लोग मानसिक परेशानियों से जूझ रहे होते हैं। ऐसे में प्राणायाम और ध्यान उनके लिए काफी लाभदायक हो सकता है इससे मानसिक शांति और ऊर्जा मिलती है।**

## वजन को नियंत्रित करता है योग

मालूम हो कि हर रोज योगाभ्यास करने से वजन भी नियंत्रण में रहता है और इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। योग शरीर को अंदर से भी स्वस्थ और मजबूत बनाता है। यह हेल्थ के साथ-साथ शरीर के फिटनेस को भी बेहतर करने में मदद करता है। यह एक पारंपरिक विज्ञान है, जिससे शरीर का आसानी से ख्याल रखा जा सकता है। ऐसे में अगर आप भी खुद को फिट रखना चाहते हैं तो हम आपके लिए तीन आसान योगासन के बारे में बताएंगे, जिसको आप अपने घर पर भी आसानी से कर सकते हैं।



## कैसे करें सूर्य नमस्कार?

सूर्य नमस्कार को घर पर आसानी से किया जा सकता है। यह 12 आसनों का एक क्रम है।

**नमस्कार मुद्रा/प्रणामासन-** इसमें सीधे खड़े हो जाएं और अपने दोनों हाथों को जोड़ लें।

**हस्त उत्तानासन आसन-** इस आसन में अब आप दोनों हाथों को ऊपर की ओर उठाएं।

**पादहस्तासन-** पादहस्तासन में सांसों को छोड़ते हुए झुक कर अपने पैरों को छूएं।

**अश्व संचालनासन-** इस आसन में अपने दाहिने पैर को पीछे ले और बाएं पैर को आगे ले आएं।

**दंडासन-** इस आसन को प्लैंग पोज भी कहा जाता है। इसमें दोनों पैरों को पीछे लें और प्लैंक करें।

**अष्टांग नमस्कार-** अब आप अष्टांग नमस्कार करें। इसमें अपने घुटने, छाती और ठोड़ी को जमीन पर टिकाएं।

**भुजंगासन-** अब छाती को उठाकर कोबरा मुद्रा बनाएं।

**पर्वतासन-** इस पोज में आप अपने शरीर के बीच वाले हिस्से को ऊपर उठाएं। यानी इस पोज में शरीर को उल्टे वी के कारण का बनाएं।

**अश्व संचालनासन-** अब आप इस पोज में बायां पैर पीछे करें और दायां पैर आगे करें।

**पादहस्तासन-** आप अब इसमें झुक कर अपने पैर को छूएं।

**हस्त उत्तानासन-** इस आसन में सांस भरते हुए अपने हाथों को ऊपर की ओर उठाएं।

**प्रणामासन-** सूर्य नमस्कार का आखिरी आसन प्रणामासन है, जो वापस नमस्कार मुद्रा में आएं।

## भुजंगासन-वृक्षासन से भी मिलती है मानसिक शांति

अगर आप सूर्य नमस्कार नहीं कर पा रहें हैं तो आप भुजंगासन या फिर वृक्षासन भी कर सकते हैं। दरअसल, भुजंगासन रीढ़ को मजबूत करता है और शरीर को ऊर्जा देता है। वहीं, वृक्षासन मानसिक शांति और संतुलन के लिए काफी बेस्ट होता है।

# गोभी-अदरक का अचार

खाना-खजाना

**सर्दियों में खाने का स्वाद चटपटे अचार से बढ़ जाता है। खासतौर पर ढेर सारी सब्जियों को मिलाकर बनाया मिक्स अचार तो लाजवाब लगता है। लेकिन मिक्स अचार को मार्केट से खरीदने की बजाय घर के मसालों से तैयार करें, तो ये ना केवल स्वाद बढ़ाएगा बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होगा। चलिए जानें गोभी-गाजर जैसी पांच चीजों से तैयार मिक्स अचार की रेसिपी।**

## सामग्री :

- गोभी
- गाजर
- मूली
- हरी मिर्च
- अदरक
- धनिया के बीज
- जीरा
- सौंफ
- अजवाइन
- मेथी
- सरसों के दाने
- हल्दी पाउडर
- लाल मिर्च पाउडर
- नमक
- काला नमक
- सरसों का तेल
- विनेगर



## विधि :

-सबसे पहले गाजर, गोभी, मूली, अदरक और हरी मिर्च को अच्छी तरह से धोकर लंबा आकार में काट लें। फिर इन्हें किसी कपड़े पर डालकर सुखा लें। जिससे कि सारा पानी धूप में सूख जाए। अब किसी कड़ाही में जीरा, मेथी, अजवाइन, सौंफ, धनिया को ड्राई रोस्ट कर लें। साथ में आखिरी में सरसों के दाने डालकर भूनें और गैस की फ्लेम को बंद कर दें। अब इन सारी चीजों को पीसकर पाउडर बना लें। किसी प्लेट में पलटें और साथ में इसमे हल्दी, लाल मिर्च, नमक मिला दें। अब कड़ाही में सरसों का तेल डालें और उसमे सारी सब्जियों को डालकर थोड़ा सा पकने दें। फिर इसमे तैयार मसाले को डाल दें। गैस की फ्लेम बंद कर कड़ाही को नीचे उतार लें। अब काला नमक, व्हाइट विनेगर डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। बस तैयार है टेस्टी मिक्स अचार, इसे किसी कांच के जार में भरकर दो से तीन दिन धूप दिखाएं और अचार बनकर रेडी है।

# गमले में लगाएं स्ट्रॉबेरी का पौधा...



स्ट्रॉबेरी को गमले में उगाना बेहद ही आसान है. आप इसे बीज की सहायता से भी उगा सकते हैं अन्यथा नर्सरी से पौधा खरीद कर गमले में लगा सकते हैं. स्ट्रॉबेरी के पौधे की अच्छे से देखभाल करने पर 2 महीने में इसमें फल आने लगेंगे. यह समय स्ट्रॉबेरी के पौधे को लगाने के लिए बेहद ही उपयुक्त है. अगर आप बीज से स्ट्रॉबेरी का पौधा लगाना चाहते हैं तो बाजार से स्ट्रॉबेरी खरीद कर उसमें दिखने वाले काले छिद्र और भूरे रंग के बीज को निकाल कर हल्की धूप में सुखा लें. ऐसा करने से यह बीज आसानी से उगेगा और उगने वाले पौधे भी स्वस्थ और मजबूत होंगे.

स्ट्रॉबेरी का पौधा उगाने के लिए आप बालू, उपजाऊ मिट्टी और वर्मी कंपोस्ट को बराबर की मात्रा में अच्छी तरह से मिला लें. उसके बाद तैयार हुए इस मिश्रण को सीडलिंग ट्रे या फिर गमले में भर लें. उसके बाद स्ट्रॉबेरी के बीज को बिखेर कर ऊपर से पानी का हल्का सा छिड़काव कर दें.

सीडलिंग ट्रे या फिर गमले में 10 से 15 दिनों में बीज अंकुरित होना शुरू हो जाएंगे और एक सप्ताह बाद उगे हुए पौधों को सीडलिंग ट्रे से निकालकर अलग-अलग गमले में लगा दें. ध्यान रखें कि गमले में बालू, उपजाऊ मिट्टी और वर्मी कंपोस्ट की बराबर मात्रा को मिलाकर की उसमें पौधा लगाएं. गमले में जल निकासी बेहतर होनी चाहिए. ध्यान रखें गमले के नीचे छिद्र जरूर हो.

गमले में उगाई जा रहे स्ट्रॉबेरी के पौधे को पर्याप्त नमी मिलती रहनी चाहिए. इसके अलावा पौधे को रोजाना धूप भी मिलती चाहिए. गमले को ऐसी जगह रखें यहां सुबह की धूप जरूर मिले. दिसंबर में लगाए हुए स्ट्रॉबेरी के पौधे की बेहतर देखभाल करने से फरवरी में फल मिलना शुरू हो जाएंगे.

# मोतियों जैसे चमकदार और सफेद हो जाएंगे पीले दांत

- **आजमाएं ये आसान घरेलू नुस्खे**
- **खूबसूरत स्माइल पर फिदा होंगे लोग**

पीले दांत की समस्या से कई लोग परेशान रहते हैं. अगर इसे अनदेखा किया जाए तो यह आपके खूबसूरत मुस्कान और खूबसूरती के दुश्मन बन सकते हैं, क्योंकि पीले और गंदे दांतों की वजह से इंसान को हंसने में शर्म आती है. दांतों को सफेद और चमकदार बनाने के लिए सफाई रखनी बहुत जरूरी है. इसके लिए प्राकृतिक और घरेलू उपाय बेहद कारगर हो सकते हैं.

आइए आज हम आपको घर में मौजूद उन चीजों के बारे में बताते हैं जो आपके दांतों को मोतियों की तरह चमका सकते हैं.



## बेकिंग सोडा और नींबू

पीले दांतों को सफेद करने के लिए आप बेकिंग सोडा का यूज कर सकते हैं. इसके लिए आपको आधा चम्मच बेकिंग सोडा लेना होगा और उसमें कुछ बूंदें नींबू के रस मिलाने होंगे. इस पेस्ट को ब्रश की मदद से हल्के हाथों से दांतों पर लगाने होंगे. अब 1-2 मिनट बाद कुल्ला कर लें. ध्यान रहे इसका उपयोग हफ्ते में एक या दो बार ही करें.

## नमक और सरसों का तेल

1 चुटकी नमक में 2-3 बूंद सरसों का तेल मिलाएं और इस मिश्रण को दांतों पर लगाकर रगड़ें. यह दांतों के पीलेपन को कम करता है और मसूड़ों को मजबूत बनाता है.

## चारकोल पाउडर का उपयोग

इसके अलावा आप चारकोल पाउडर का उपयोग कर सकते हैं. ब्रश पर थोड़ा सा चारकोल पाउडर लगाएं और इससे दांतों की सफाई करें. चारकोल दांतों से दाग-धब्बे और पीलापन हटाने में मदद करता है.

## हाइड्रोजन पेरोक्साइड और बेकिंग सोडा

एक चम्मच हाइड्रोजन पेरोक्साइड में थोड़ा बेकिंग सोडा मिलाएं और इस पेस्ट को हफ्ते में एक बार उपयोग करें.ध्यान रहे इसके अत्यधिक उपयोग से बचें. इसके अलावा तंबाकू, चाय और कॉफी का अधिक सेवन करने से भी दांत पीले हो सकते हैं, इसलिए इन्हें अपने रूटीन में कम ही शामिल करें.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी।

**वृषभ** : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** : शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे बाद में पछताना पड़े।

**कर्क** : प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। सहायता प्राप्त होगी।

**सिंह** : भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। नौकरी में मनोनुकूल स्थिति बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट से फायदा हो सकता है।

**कन्या** : शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**तुला** : शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं।

**वृश्चिक** : पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी। निवेश शुभ रहेगा।

**धनु** : किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा।

**मकर** : कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कुंभ** : मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है या समय पर नहीं मिलेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीन** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार-व्यवसाय की गति बढ़ेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### जुमे की नमाज के दौरान लाउडस्पीकर बजाना इमाम को पड़ा महंगा, 2 लाख का जुर्माना

**संभल.** यूपी के संभल में जुमे के दिन तेज आवाज में लाउडस्पीकर पर नमाज पढ़ना इमाम को महंगा पड़ गया। पुलिस ने शांतिभंग में चालान करते हुए 2 लाख का जुर्माना लगा दिया। इससे नाराज कई मुस्लिम वकील कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। इस दौरान एक अधिवक्ता ने पुलिस पर आपत्तिजनक बयान भी दिया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि,पुलिस ने अधिवक्ताओं को समझाकर भेज दिया। संभल में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा के बाद पुलिस लगातार एक्शन ले रही है। यही वजह है कि हर शुक्रवार को मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहती है। हालांकि 13 दिसंबर को सदर कोतवाली क्षेत्र की अनार वाली मस्जिद में इमाम ने लाउडस्पीकर से तेज आवाज में नमाज पढ़ा। इस पर पुलिस ने इमाम तहजीब को गिरफ्तार कर लिया और शांतिभंग की धारा में कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

### अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण में 4 आरोपी गिरफ्तार, शक्ति कपूर को भी करना थे किडनैप

**बिजनौर.** अभिनेता मुस्ताक खान के अपहरण में पुलिस ने पूर्व सभासद समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों से एक लाख चार हजार रुपये बरामद किया है। जबकि मुख्य आरोपी समेत छह आरोपी अभी भी फरार है। बिजनौर के लवी, पूर्व सभासद सार्थक चौधरी, अर्जुन कर्णवाल, सबीउद्दीन, अजीम, शशांक, आकाश, शिवा, अंकित व शुभम ने मिलकर अभिनेता मुश्ताक खान और हास्य कलाकार सुनील पाल का अपरहण किया था।

आरोपियों ने पहले कैब से मुश्ताक खान को एयरपोर्ट से रिसीव कराया था। जबकि दिल्ली के अक्षर धाम मंदिर से पास से दूसरी गाड़ी में बैठाया था। इस दौरान बदमाश मुश्ताक खान और अन्य गाड़ी में सवार थे। बदमाशों ने मुश्ताक खान को लवी के घर में रखा था। जहां से मुश्ताक खान भागकर पास की मस्जिद में पहुंच गए थे। जहां से वह अपने परिजनों के साथ दिल्ली चले गए थे। पुलिस ने मामले में पूर्व सांसद सार्थक उर्फ रिक्की, सबीउद्दीन, अजीम और शशांक को गिरफ्तार किया है।

### प्रेमी संग मिलकर पति को ईंट से कुचलकर मार डाला, 7 साल के बेटे ने खोला राज

**शाहजहांपुर.** शाहजहांपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक प्रेमिका ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी। सुबह होने पर पत्नी ने गांव में ही स्थिति अपने मायके जाकर बताया कि शौहर की रात में ईंटें गिरने के कारण मौत हो गई। परिवार के अन्य लोगों और गांव वालों ने जब देखा कि मृतक के शरीर में सिर के अलावा कहीं चोट नहीं थी, तब लोगों को शक हुआ। पुलिस को बताया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आकर पड़ताल की। इस दौरान मृतक के 7 साल के बेटे अलीशान ने रात में अम्मी और उसके प्रेमी द्वारा हत्या किए जाने का पूरी बात बताई। इसके बाद पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया। जबकि उसका प्रेमी फरार हो गया। ये घटना खुटार ब्लॉक क्षेत्र के टाहखुर्दकलां गांव की है। 40 वर्षीय यूनुस गांव के बाहर टीन शेड डालकर रह रहा था। जहां पर घर में उसकी 35 वर्षीय पत्नी शमीमबानो, 20 वर्षीय बेटा रिजवान, 15 वर्षीय बेटा सावान व 7 वर्षीय बेटा अलीशान रहते हैं। यूनुस की ससुराल गांव में ही है, जबकि उसने अपने बेटे रिजवान की भी शादी गांव में ही एक साल पहले कराई थी। रिजवान के साले का नाम मानूस अली है। मानूस अली के अपने बहनोई रिजवान की मां शमीमबानो से अवैध संबंध पहले से थे। जब यह बात पति यूनुस मालूम हुई तो वह पत्नी शमीमबानों पर अंकुश लगाना शुरू किया। 8 दिन पूर्व भी ग्रामीणों ने घर के बाहर एक तालाब के किनारे शमीमबानो और मानूस खान को आपत्तिजनक स्थिति में देखा था।

# राहुल बोले-द्रोणाचार्य की तरह युवाओं-किसानों का अंगूठा काट रही सरकार

- संसद में एकलव्य की कहानी सुनाई



**नई दिल्ली.** लोकसभा में शनिवार को लगातार दूसरे दिन संविधान पर चर्चा चल रही है। आज शुरुआत संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजु ने की। इसके बाद DMK सांसद ने कहा कि भाजपा हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है। इस पर विवाद हुआ। भाजपा ने कहा कि आप सबूत दीजिए।

राहुल गांधी की स्पीच हुई। वे करीब 25 मिनट बोले। राहुल सावरकर पर बोले, एकलव्य-द्रोणाचार्य की कहानी सुनाई। भाजपा सरकार पर युवाओं का अंगूठा काटने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा- जैसे एकलव्य का अंगूठा काटकर द्रोणाचार्य ने उनका हुनर ले लिया था। उसी तरह भाजपा सरकार अग्निवीर से युवाओं का अंगूठा काट रही है। अडाणी को सारे कारोबार, इंडस्ट्री, पोर्ट, एयरपोर्ट देकर किसानों और युवाओं का गला काटा जा रहा है।

राहुल के बयान पर युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने जवाब दिया। उन्होंने कहा- आप अंगूठा काटने की बात कर रहे हैं। आपकी सरकार में तो सिखों के गले काटे गए, आपको देश से माफी मांगनी चाहिए।

राहुल ने अपने भाषण के दौरान संविधान और मनु स्मृति की कॉपी लहराई।

**अनुराग ठाकुर का राहुल गांधी पर पलटवार**

# आप लोगों के राज में सिखों के गले काटे गए

**नई दिल्ली.** लोकसभा में संविधान के ऊपर चल रही बहस में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी को तीखा जवाब दिया। ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी लगातार संविधान को दिखाते रहते हैं लेकिन जैसा कि मैंने पहले कहा है कि इन्हें यह भी पता नहीं है कि संविधान में पेज कितने हैं। कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए ठाकुर ने कहा कि आज यह लोग संविधान बचाने की बात करते हैं, भाजपा पर अंगूठा काटने का मनगढ़ंत इल्जाम लगाते हैं। यह भूल जाते हैं कि इन्हीं की पार्टी के शासन में सिखों के गले काटे गए। कांग्रेस पार्टी की ही सरकार थी, जब देश के लोकतंत्र का गला घोंट कर आपातकाल लगा दिया गया।

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर सीधा हमला करते हुए ठाकुर ने कहा कि आज आप संविधान को अपनी जेब में रख कर घूमते हैं, लेकिन इसे केवल लेकर घूमने से कुछ नहीं होगा। मैं तो आपसे कहता हूं कि आप इसे पढ़कर भी देखिए आपको समझ आएगा कि कैसे गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी ने संविधान की धज्जियां उड़ाने का काम किया है।

# संसद में कल पेश होगा 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल

- दो विधेयक ला रही मोदी सरकार

**नई दिल्ली.** सरकार "एक देश, एक चुनाव" (वन नेशन, वन इलेक्शन) से संबंधित दो विधेयक 16 दिसंबर को लोकसभा में पेश करेगी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल निचले सदन में संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा के क्रियान्वयन के लिए संवैधानिक संशोधन विधेयक को गत 12 दिसंबर को मंजूरी दी थी।

मंत्रिमंडल ने दो मसौदा कानूनों को मंजूरी दी है, जिसमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव से जुड़ा है। संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए दो तिहाई बहुमत, जबकि दूसरे विधेयक के लिए सदन में सामान्य बहुमत की आवश्यकता होगी। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली एक उच्चस्तरीय समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ-साथ चरणबद्ध तरीके से नगर निकाय और पंचायत चुनाव कराने का भी प्रस्ताव दिया था, लेकिन मंत्रिमंडल ने ''फिलहाल'' स्थानीय निकाय चुनावों के मुद्दे से दूरी रखने का निर्णय किया है।

इस बीच तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने शनिवार को 'एक देश, एक चुनाव' संबंधी प्रस्ताव में संशोधन की मांग करते हुए इसमें सभी स्थानीय निकाय के चुनावों को शामिल करने की मांग की। इसके साथ ही पार्टी ने कांग्रेस से यह सवाल भी किया कि बार-बार संविधान की दुहाई देने वाली प्रमुख विपक्षी पार्टी को यह भी बताना चाहिए कि जब आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक को संसद से पारित किया गया था तब देश का लोकतंत्र और संविधान कहां था। संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर लोकसभा में जारी चर्चा में हिस्सा लेते हुए तेदेपा के लवू श्री कृष्ण देवरायलू ने यह सवाल उठाया।

# पुष्पा-2 एक्टर अल्लू अर्जुन 18 घंटे बाद रिहा

- घर पर नजर उतारी गई
- मां के गले लगकर अंदर गए;
- बोले- कानून का हमेशा सम्मान



**हैदराबाद.** पुष्पा-2 एक्टर अल्लू अर्जुन शनिवार सुबह करीब 6.30 बजे चंचलगुडा सेंट्रल जेल से रिहा हुए। उनके पिता अल्लू अरविंद और ससुर कंचरला चंद्रशेखर रेड्डी उन्हें लेने जेल पहुंचे थे। अल्लू करीब 18 घंटे कस्टडी में रहे। रिहाई के बाद अल्लू गीता आर्ट्स प्रोडक्शन हाउस पहुंचे।

इसके बाद 9 बजे के करीब अल्लू हैदराबाद स्थित अपने घर पहुंचे। घर पर उनकी नजर उतारी गई। मां के गले लगकर वह अंदर गए। परिवार वालों से मुलाकात की। उसके बाद दोबारा बाहर आए और मीडिया से बातचीत की।

**रिहाई के बाद अल्लू का पहला रिएक्शन...**

मैं प्यार और समर्थन के लिए सभी फैंस का शुक्रिया अदा करता हूं। चिंता की कोई बात नहीं है। मैं ठीक हूं। मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं। मैं एक बार फिर पीड़ित परिवार के प्रति दुख व्यक्त करता हूं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। जो कुछ हुआ उसके लिए हमें खेद है।

### अल्लू अर्जुन ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

अल्लू अर्जुन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, 'ये सब एक हादसा था। मैं परिवार के साथ सिनेमाघर में फिल्म देखने गया था। ये घटना बाहर घटी है। इस घटना का मुझसे कोई सीधा कनेक्शन नहीं है। मैं बिल्कुल महिला के परिवार के साथ हूं, जिस भी तरीके से होगा मैं उनकी मदद करूंगा।'

अल्लू अर्जुन आगे कहा, 'मैं उस सिनेमाघर में पिछले 20 साल से 30 बार से ज्यादा बार जा चुके हैं। लेकिन ऐसा आज तक नहीं हुआ है। ये बिल्कुल ही दुर्भाग्य से हुआ है। मैं इस घटना को लेकर मैं बहुत सॉरी करता हूं।'

अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद ने कहा, 'मैं पूरी मीडिया का धन्यवाद करता हूं, जो (बन्नी) अल्लू अर्जुन और उनकी फिल्म का सपोर्ट कर रहे हैं।'

# दिल्ली के स्कूलों में 7 दिन में तीसरी बार धमकी

- धमकी देने वाला स्कूल का ही बच्चा
- काउंसलिंग की गई

**नई दिल्ली.** दिल्ली के कई स्कूलों में 7 दिन में तीसरी बार बम की धमकी मिली है। DPS आरके पुरम में पुलिस की टीम जांच के लिए पहुंच गई है। धमकी वाला मेल सुबह 6 बजे आया था। दिल्ली के स्कूलों में धमकी से जुड़ा दो दिन में यह दूसरा मामला है। हालांकि, आज धमकी वाले मामले में पुलिस ने एक बच्चे से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, छात्र ने अपने ही स्कूल को धमकी भरा ईमेल भेजा था। IP एड्रेस का पता लगाने के बाद, पुलिस उसके घर पहुंची। जहां बच्चे ने धमकी देने वाली बात स्वीकार कर ली। फिलहाल बच्चे की काउंसलिंग की जा रही है। दिल्ली के 30 स्कूलों को शुक्रवार को भी धमकी मिली थी। स्कूलों में ईमेल भेजने वाले ने लिखा था कि 13-14 दिसंबर को पेरेंट्स मीटिंग और स्पोर्ट्स डे पर बम विस्फोट होंगे। जांच में पता चला था कि ईमेल देश के बाहर से आए थे।

# 'मूर्तियां हटवाईं अच्छा काम किया'

**बहस के बीच संसद में रविशंकर प्रसाद ने कर दी कांग्रेस की तारीफ**



**नई दिल्ली.** लोकसभा में संविधान के 'गौरवशाली 75 वर्ष की यात्रा' पर जारी बहस के बीच भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पार्टी की तरीफ की। प्रसाद ने कहा कि आजादी के समय पर पूरी दिल्ली में किंग एडवर्ड की मूर्तियां थी.. क्वीन विक्टोरिया की मूर्तियां थी.. देश के सारे राजभवनों के सामने लॉर्ड इरविन और लॉर्ड होर्डिंग की मूर्तियां थीं.. आपने उन्हें हटवा दिया.. आपने अच्छा किया। आपने यह किया क्योंकि आपको भी पता था कि यह हमारी विरासत नहीं है। यह गुलामी का प्रतीक था।

प्रसाद ने कहा कि आपने उन मूर्तियों को हटा दिया। बहुत अच्छा काम किया। लेकिन आपकी यह सोच राम जन्म भूमि, कृष्ण जन्म भूमि और काशी विश्वनाथ के बारे में क्यों नहीं दिखाई दी। उन्होंने कहा कि आपने यह नहीं किया क्योंकि आप वोट बैंक की राजनीति में फंस गए। आप ऐसे फंसे कि आप आज बिखर गए हैं। प्रसाद ने कहा कि आपकी वोट बैंक की राजनीति का नतीजा देखिए कि आज आप कहां हैं और आज हम कहां हैं।

भाजपा सांसद ने कहा कि आज हम सत्ता में हैं क्योंकि देश की जनता ने हमारे विचारों को स्वीकारा है। देश की जनता ने तय कर लिया है कि यह देश राष्ट्रवाद के विचारों से चलेगा। देश के प्रति समर्पण से भी चलेगा और विकास से भी चलेगा। इससे पहले भाजपा सांसद ने संविधान की मौलिक कॉपी को दिखाते हुए उसमें भगवान की तस्वीरों का भी जिक्र किया। कॉपी में प्रभु श्री राम, भगवान बुद्ध, महावीर, कृष्ण, नटराज, गुरुगोविंद सिंह और हनुमान जी की तस्वीर को दिखाते हुए प्रसाद ने कहा कि हमारे संविधान निर्माता यह जानते थे कि हमारी विरासत क्या है।

### गाजियाबाद में भी अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की तलाश

**नई दिल्ली.** दिल्ली के बाद यूपी के गाजियाबाद में भी कुछ संदिग्ध जगहों पर अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या लोगों की खोजबीन की गई है। गाजियाबाद पुलिस की टीम ने शनिवार को संदिग्ध जगहों पर जाकर लोगों के कागजात और पहचान पत्र की पड़ताल की। सनद रहे एक दिन पहले शुक्रवार को लोनी से भाजपा के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भोपुरा मार्ग पहुंच कर झुग्गियों में रहने वाले लोगों के दस्तावेज देखे थे। विधायक ने झुग्गी में कुछ लोगों के पास फर्जी आधार कार्ड होने का दावा किया था।

# लालकृष्ण आडवाणी ICU में भर्ती, हालत स्थिर

**7 महीने में चौथी बार तबीयत बिगड़ी; मार्च 2024 में भारत रत्न से सम्मानित हुए**



**नई दिल्ली.** भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे ICU में भर्ती हैं। अस्पताल के मुताबिक उनकी हालत स्थिर है। 97 साल के आडवाणी को करीब दो दिन पहले अस्पताल लाया गया था। उनके परिवार ने बताया कि उन्हें सर्दी-खांसी की परेशानी हुई थी, जो पॉल्यूशन के चलते और बढ़ गई। फिलहाल उन्हें 48 घंटे के लिए न्यूरोलॉजी विभाग में डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में रखा गया हैं। कल के बाद उन्हें डिस्चार्ज किया जा सकता है।

इससे पहले, 26 जून को AIIMS दिल्ली में यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की निगरानी में उनका एक छोटा ऑपरेशन हुआ था। अगले दिन उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। करीब एक हफ्ते बाद 3 जुलाई को रात 9 बजे अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अपोलो में भर्ती कराया गया था। हालांकि, एक दिन बाद ही वे घर आ गए थे। इसके बाद 6 अगस्त को भी उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी ने बताया था कि उन्हें रूटीन चेकअप के लिए हॉस्पिटल ले गए थे। लालकृष्ण आडवाणी को 31 मार्च को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया था।

# 18 की उम्र में बने शतरंज के सम्राट



शतरंज की दुनिया में एक और भारतीय सितारा जगमगा उठा है! भारत का डी गुकेश... जिसने सिर्फ 18 साल की उम्र में वो कर दिखाया जो अब तक कोई नहीं कर पाया था। जी हां, गुकेश दोम्माराजू अब दुनिया के सबसे कम उम्र के चेस चैंपियन बन गए हैं! जब 18 साल की उम्र में बच्चे अपनी आगे की पढ़ाई की सोच रहे होते हैं, तब गुकेश ने अपनी स्कूली पढ़ाई के बाद सीधे दुनिया की सबसे कठिन चेस चैंपियनशिप जीत ली। वो भी चीन के वर्ल्ड चेस चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर! इससे पहले ये रिकॉर्ड रूस के दिग्गज ग्रैंडमास्टर गैरी कास्परोव के नाम था, जिन्होंने 22 साल की उम्र में ये खिताब जीता था। लेकिन अब गुकेश ने सिर्फ 18 साल की उम्र में ये रिकॉर्ड तोड़ दिया!

### आखिर कौन है डी गुकेश?

डी गुकेश का जन्म 29 मई 2006 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। उनके पिता डॉ. रजनीकांत एक ईएनटी स्पेशलिस्ट हैं और मां डॉ. पद्मा माइक्रोबायोलॉजिस्ट। दोनों ने अपने बेटे के सपनों को साकार करने के लिए बड़ी कुर्बानियां दीं। खासतौर पर उनके पिता, जिन्होंने गुकेश के साथ चेस टूर्नामेंट्स में जाने के लिए अपनी नौकरी तक छोड़ दी !₹

गुकेश ने अपनी शुरुआती पढ़ाई चेन्नई के वेलामल विद्यालय से की। यहीं से उनकी जिंदगी का वो मोड़ शुरू हुआ, जब उनके स्कूल के कोच भास्कर ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। महज 7 साल की उम्र में उन्होंने चेस की दुनिया में कदम रखा और सिर्फ 6 महीने के भीतर FIDE रेटिंग हासिल कर ली! 2015 में उन्होंने अंडर-9 चेस चैंपियनशिप जीती। 2017 में मलेशिया में पहला इंटरनेशनल मास्टर्स टूर्नामेंट जीता। 2018 में स्पेन में वर्ल्ड अंडर-12 चैंपियन बने। और 2022 में उन्होंने चेस ओलंपियाड में अमेरिका के वर्ल्ड नंबर-1 प्लेयर को हरा दिया था। और ये वही गुकेश हैं जिन्होंने वर्ल्ड चेस के दिग्गज Magnus कार्लसन को भी शिकस्त दी है!

और अब 2024 में उन्होंने वो कर दिखाया जो कोई सोच भी नहीं सकता था। वो वर्ल्ड के सबसे कम उम्र के चेस चैंपियन बन गए हैं और 21 करोड़ रुपये की प्राइज मनी भी जीत ली है!

# संभल के मुस्लिम इलाके में मिला मंदिर 1000 साल पुराना

- अफसरों ने कराई सफाई, पूजा-पाठ शुरू





**संभल.** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा वाले इलाके में बिजली चेकिंग और अवैध अतिक्रमण अभियान के दौरान मिला मंदिर एक हजार साल पुराना हो सकता है। अफसरों ने खुद मंदिर में सफाई की और इसके बाद यहां पूजा पाठ भी शुरू हो गई है।यह मंदिर 46 साल से बंद था। पुलिस प्रशासन की टीम मंदिर में पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की तो अंदर हनुमान जी की मूर्ति के साथ ही शिवलिंग और नंदी भी मिले हैं।

बताया जा रहा है कि पूरा इलाका सौ प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाला है। पहले यहां काफी हिन्दू परिवार भी रहते थे लेकिन बाद में यहां से पलायन कर गए थे। 1976 से इस मंदिर पर ताला जड़ा हुआ था। खास बात यह भी है कि यह मंदिर संभल के सांसद जियाउर्रहमान के घर से केवल दो सौ मीटर दूर है। संभल के डीएम राजेंद्र पैंसिया के अनुसार मंदिर के आसपास कई नवनिर्माण भी करा दिए गए हैं। प्रशासन अब उन लोगों पर एक्शन की तैयारी कर रहा है जिन लोगों ने यहां पर अवैध निर्माण किया है।

डीएम राजेंद्र पैंसिया के अनुसार मंदिर पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ था। बिजली और अवैध अतिक्रमण की चेकिंग के दौरान इस मंदिर का पता चला है। प्रारंभिक जांच में पता चल रहा है कि चार-पांच सौ से हजार वर्ष पुराना मंदिर हो सकता है। इसे अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है। अब इसका पुनर्निर्माण कराया जाएगा। यह मंदिर 46 साल पहले बंद कराया गया था। जांच की बात पर कहा कि पहले से ही इसकी जांच चल रही है। एक विशेष टीम भी बनाएंगे ताकि पूरे जनपद में एक-एक चीज का सर्वे किया जा सके।

डीएम ने बताया कि यहां पर एक कुएं की खुदाई भी कराई जा रही है। इसे हम जल संरक्षण का केंद्र भी बनाएंगे, ताकि जिन जितना भी रेन वाटर है उसमे जाए और भूमिगत जल में बढ़ोतरी हो। डीएम ने यह भी कहा कि मंदिर के आसपास के सभी अवैध अतिक्रमण पर एक्शन होगा। उन्हें खाली कराया जाएगा।

# बेहुत घातक हो सकती है पैरासिटामोल

- स्टडी में बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली.** अक्सर लोग बुखार या सिर दर्द होने पर बिना डॉक्टर की सलाह के पैरासिटामोल (Paracetamol) टैबलेट का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन ऐसा करना आपके लिए घातक साबित हो सकता है।

खासतौर से बुजुर्गों के लिए ये दवा मौत का सामान बन सकती है। एक नए अध्ययन में यह पाया गया है कि आमतौर पर बुखार और हल्के से मध्यम दर्द के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पैरासिटामोल से 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों में पाचन तंत्र, हृदय और गुर्दे से संबंधित जटिलताओं का जोखिम बढ़ सकता है।

### पैरासिटामोल का व्यापक उपयोग और विवाद

पैरासिटामोल को ऑस्टियोआर्थराइटिस (गठिया) जैसी स्थितियों में पहली दवा के रूप में रेकमंड की जाती है। ऑस्टियोआर्थराइटिस एक दीर्घकालिक स्थिति है, जिसमें जोड़ों में दर्द, अकड़न और सूजन होती है। इसे सुरक्षित और सुलभ माना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में इसके प्रभाव और सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। कुछ अध्ययनों ने इसकी दर्द निवारक प्रभावशीलता पर सवाल उठाया है, जबकि अन्य ने इसके लंबे समय तक इस्तेमाल से अल्सर और पाचन तंत्र में रक्तस्राव (Bleeding) जैसे जठरांत्रीय दुष्प्रभावों के बढ़ते जोखिम को दिखाया है।

### अध्ययन के निष्कर्ष

यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम, यूके के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए ताजा अध्ययन में पाया गया कि बार-बार पैरासिटामोल लेने से निम्नलिखित जोखिम बढ़ सकते हैं:

**पेप्टिक अल्सर रक्तस्राव:** 24% अधिक

**निम्न जठरांत्रीय रक्तस्राव:** 36% अधिक

**क्रोनिक किडनी डिजीज (गुर्दे की बीमारी):** 19% अधिक

**हार्ट फेल:** 9% अधिक

**हाई ब्लड प्रेशर:** 7% अधिक

यह अध्ययन 1998 से 2018 के बीच क्लिनिकल प्रैक्टिस रिसर्च डेटालिंक-गोल्ड के डेटा पर आधारित है। इसमें 1.80 लाख से अधिक ऐसे लोगों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड का विश्लेषण किया गया, जिन्हें छह महीने के भीतर दो या अधिक बार पैरासिटामोल का प्रिस्क्रिप्शन दिया गया था। उनकी तुलना 4.02 लाख ऐसे लोगों से की गई, जिन्होंने बार-बार पैरासिटामोल नहीं लिया था। अध्ययन के प्रतिभागियों की औसत आयु 75 वर्ष थी।

# शंभू बॉर्डर पर किसान ने खुदकुशी की कोशिश की

**नई दिल्ली.** हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर पर शनिवार को किसान ने आत्महत्या की कोशिश की है। इसकी पुष्टि किसान नेता तेजवीर सिंह ने की। उन्होंने बताया कि पता चला है कि खन्ना के किसान ने सल्फास निगल लिया। उसे अस्पताल लेकर गए हैं। हमारी टीम जा रही है। इस बारे में पता कर रहे हैं। किसान की पहचान लुधियाना के खन्ना के रहने वाले जोध सिंह के रूप में हुई है। वह शनिवार को ही मोर्चे में पहुंचा था। संभावना है कि किसानों को दिल्ली न जाने देने से आहत होकर उसने ये कदम उठाया। फिलहाल CID भी इसे बारे में पता कर रही है।

इससे पहले दोपहर 12 बजे 101 किसान दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन पुलिस ने उन्हें घग्गर नदी पर बने पुल पर की बैरिकेडिंग पर रोक लिया। 40 मिनट तक पुलिस से बहस के बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। जिसमें 10 किसान घायल हुए।

करीब 2 घंटे बाद यानी 2 बजे किसानों के जत्थे को वापस बुला लिया गया। किसानों का आरोप है कि पुलिस ने रॉकेट लॉन्चर से बम-गोलियां चलाई। घग्गर नदी का गंदा और केमिकल वाला पानी प्रयोग किया।

किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि 16 दिसंबर को पंजाब को छोड़कर पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे।

संक्षेप...

## ठाणे के कुछ क्षेत्रों में रविवार को 15% पानी की कटौती

**ठाणे.** 14 दिसंबर रात 1बजे से पिसे में बिजली उपकेंद्र में स्थित मुख्य ट्रांसफार्मर 1 के बी फेस में इलेक्ट्रिक सप्लाई अचानक बंद होने के कारण उदंचन केंद्र पिसे के कुल कार्यरत 20 पंप में से 6 पंप बंद पड़ गए। जिसका दुरुस्तीकरण 14 व 15 दिसंबर को किया जायेगा।

इसलिए बृहन्मुंबई मनपा की ओर से पानी की सप्लाई मनपा को 15 प्रतिशत की कटौती की गई है। इसलिए मनपा के नौपाडा, पाचपाखाडी, बी - केबीन, महागीरी, कोपरी,आनंदनगर, गांधीनगर, हजुरी, किसननगर, लुईसवाडी, अंबिका नगर क्षेत्रों में पानी की सप्लाई में कटौती की गई है।

# फडणवीस कैबिनेट का विस्तार आज

## 32 मंत्री शामिल होंगे; संभावित मंत्रियों को खुद फोन करेंगे CM; शपथ ग्रहण नागपुर में होगा

**मुंबई.** महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार की कैबिनेट का विस्तार 15 दिसंबर को होगा। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में होगा। इसमें 30 से 32 मंत्री शपथ ले सकते हैं। महाराष्ट्र कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत ज्यादा से ज्यादा 43 सदस्य हो सकते हैं।

सूत्रों का कहना है कि भाजपा को 20-21 मंत्री पद मिलने की संभावना है। जबकि शिवसेना को 11-12 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 9-10 मंत्री पद मिल सकते हैं। संभावित मंत्रियों को शपथ के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस खुद फोन करेंगे।



महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को कैबिनेट फाइनल करने के लिए डिप्टी CM एकनाथ शिंदे और अजित पवार से अलग-अलग चर्चा की। एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने अपने मंत्रियों की लिस्ट मुख्यमंत्री फडणवीस को दे दी है।

### मंत्रिमंडल में संभावित मंत्रियों के नाम भाजपा से मुंडे, मुनगंटीवार, पाटिल का नाम शामिल

कैबिनेट में चंद्रशेखर बावनकुले, चंद्रकांत पाटिल, सुधीर मुनगंटीवार, पंकजा मुंडे के नाम सबसे ऊपर हैं। मेघना बोर्डिकर, संभाजी पाटिल निलंगेकर, रवींद्र चव्हाण, राधाकृष्ण पाटिल, गिरीश महाजन, अतुल सावे, परिणय फुके और संजय कुटे के नाम भी शामिल हैं। बीजेपी ने कुछ नए चेहरों को मौका देने का फैसला किया है।

### NCP- अजित गुट

उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने पिछली सरकार में मंत्री रहे छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, धर्मरावबाबा, अदिति तटकरे, अनिल पाटिल के नाम बने रहेंगे। दिलीप वलसे पाटिल पहले ही इनकार कर चुके हैं जबकि हसन मुश्रिफ का पत्ता कट सकता है। सूत्रों के मुताबिक नरहरि जिरवाल, दत्ता भरणे को मंत्री पद मिल सकता है।

### शिवसेना शिंदे गुट

शिंदे ने उदय सामंत, शंभुराजे देसाई, दादा भुसे, गुलाबराव पाटिल के नाम बरकरार रखे हैं। प्रवक्ता संजय शिरसाट, प्रताप सरनाईक, भरत गोगवले, विजय शिवतारे, अर्जुन खोतकर को भी मौका मिल सकता है।

## 3 दिन बाद कुर्ला स्टेशन से शुरू हुई बेस्ट बस सेवा

**मुंबई.** कुर्ला स्टेशन के पास हुई दुर्घटना के बाद रेलवे के पास से बंद हुई बस सेवा आखिरकार शुक्रवार को तीन बजे शुरू हुई। बस सेवा शुरू होने से यात्रियों ने राहत की सांस ली। बता दें कि कुर्ला स्टेशन के पास बने बस स्टेशन से रोजाना हजारो यात्री सफर करते हैं। यहां बेस्ट बसों से यात्रा करने के लिए लंबी कतार लगी रहती है। बेस्ट प्रशासन यहां से कुल 10 बसों का संचालन। सोमवार की रात हुई बस दुर्घटना के बाद बेस्ट प्रशासन ने स्टेशन के पास से पूरी तरह सेवा ही बंद कर दी थी। बस यात्रियों को बस की सुविधा लेने के लिए एलबीएस रोड पर बने कुर्ला बस डिपो में जाना पड़ता था। बस दुर्घटना के बाद बेस्ट बस नंबर 37, 320, 319, 325, 330, 365 और 446 नंबर की बसें कुर्ला पश्चिम एलबीएस रोड स्थिति कुर्ला डिपो से संचालित हो रही थी।

# सीनियारिटी सूची को मनपा आयुक्त कर रहे नजरअंदाज

■ भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ का आरोप.

उल्हास विकास संवाददाता





**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य 4 मनपा कनिष्ठ कर्मियों की पदोन्नति पर 1 वर्ष पूर्व लिए गए फैसले पर सही निर्णय लेने में आनाकानी कर रहे हैं. आयुक्त वैद्य की मनमानी की वजह से सेवा ज्येष्ठता सूची के दम पर पदोन्नति की आस जोह रहे तमाम मनपा कर्मियों पर भारी अन्याय हो रहा है. भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ भिवंडी यूनिट महासचिव श्रीपत तांबे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, नगर विकास प्रमुख सचिव गोविंदराज को लिखितपत्र देकर आयुक्त अजय वैद्य को मनपा कर्मचारियों की सेवा ज्येष्ठता पदोन्नति संबंधी निर्णय लेने हेतु त्वरित आदेश देने की अपील की है. गौरतलब हो कि,भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक,नगर विकास प्रमुख सचिव गोविंदराज को लिखितपत्र देकर बताया है कि आयुक्त अजय वैद्य मनमानी तरीके से मनपा कर्मचारियों की सेवा ज्येष्ठता को दरकिनार कर कर्मचारियों की पदोन्नति कर रहे हैं. आयुक्त की मनमानी कार्यप्रणाली से मनपा अधिनियम शर्तों के तहत पदोन्नति पाने वाले तमाम मनपा कर्मियों में प्रमोशन नहीं मिलने से मायूसी फैली है. मनपा की सेवा ज्येष्ठता सूची को नजरअंदाज कर आयुक्त वैद्य ने कनिष्ठ लिपिक श्रीकांत परदेसी, प्रकाश राठौड़, सर्वेश चव्हाण, विनोद मनोरे को प्रशासन के प्रभारी जैसे अहम पदों पर बैठाया है जो नितांत गलत और सीनियर मनपा कर्मियों के हक के साथ घोर नाइंसाफी है.

### नागपुर विधानसभा में उठेगा पदोन्नति मुद्दा

सीनियारिटी मामले को गंभीरता से लेते हुए कामगार महासंघ प्रदेश जनरल सेक्रेट्री विधायक भाई जगताप सहित अन्य सत्ता,विपक्ष के विधायकों ने नागपुर में होने वाले आगामी शीतकालीन विधानसभा सत्र में मनपा प्रशासन की मनमानी को सदन के पटल पर उठाने का भरोसा दिया है.

### आयुक्त ने हटाने का दिया भरोसा नहीं निभाया

नवंबर 2023 में भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ ने उक्त मुद्दे को लेकर मनपा मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय भूख हड़ताल कर कनिष्ठ लिपिकों को हटाकर कर्मचारियों को सीनियारिटी से पद पर बैठाने की मांग की थी .महासचिव तांबे का आरोप है कि, प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने कामगार महासंघ को कनिष्ठ लिपिकों को विभाग प्रमुख पद से हटाने की मांग जल्द पूर्ण करने का दिया गया भरोसा नहीं निभाया .भूख हड़ताल के 1 वर्ष पूर्ण होने एवं बारंबार शिकायत के बाद भी नजरअंदाज कर पदोन्नति की आस जोह रहे तमाम कर्मचारियों के अधिकार के साथ अन्याय कर रहे हैं . तांबे ने मुख्यमंत्री सहित तमाम शीर्ष अधिकारियों,जनप्रतिनिधि को पत्र देकर सीनियारिटी को नजरअंदाज कर दर्जनों कर्मचारियों को नियम कानून को ठेंगा दिखाकर अहम पदों पर बैठाने की शिकायत कर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है .

# नवी मुंबई मनपा ने शिकायतें भेजने के लिए व्हाट्सएप नंबर लॉन्च किया

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई नगर निगम ने ई-आधारित एप्लिकेशन को सरल बनाने के लिए अपनी मौजूदा शिकायत निवारण प्रणाली को अपडेट किया है और साथ ही नागरिकों को अपने क्षेत्र में सड़कों और नालियों की स्थिति के बारे में अपनी शिकायतें सीधे भेजने में सक्षम बनाने के लिए एक समर्पित व्हाट्सएप नंबर भी लॉन्च किया है। नागरिकों की शिकायतों को संबोधित करने के लिए एनएमएमसी दक्ष 'एनएमएमसी दक्ष' नामक नए ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को तुरंत सड़क मरम्मत के लिए जिम्मेदार ठेकेदार को भेज दिया जाएगा और नागरिक निकाय की इंजीनियरिंग शाखा 24 घंटे के भीतर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेगी। शिकायतें समर्पित व्हाट्सएप



नंबर - 8424949888 पर भी भेजी जा सकती हैं। "इंजीनियरिंग विभाग ने प्रशासन द्वारा शुरू की गई चल रही परियोजनाओं और नागरिक सुविधा कार्यों की प्रगति की निगरानी के लिए एनएमएमसी दक्ष की शुरुआत की है। यह पिछले ऐप का अपडेटेड वर्जन है। इसके अतिरिक्त, नागरिकों के लिए सड़कों की खराब स्थिति, जैसे गड्ढों से भरे हिस्से आदि के बारे में शिकायत दर्ज करने के लिए एक निर्दिष्ट व्हाट्सएप नंबर सक्रिय किया गया है," शहर के इंजीनियर शिरीष अरधवाड ने कहा।

बिजली और पानी की आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के लिए भी समर्पित व्हाट्सएप नंबर शुरू किए गए हैं। बिजली की खराबी के लिए, निवासी 8421033099 पर और पानी की आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के लिए 8419900480 पर अपनी चिंताएँ व्यक्त कर सकते हैं। "शिकायतें, चाहे व्हाट्सएप पर हों या ऐप पर, पुष्टि करने वाली तस्वीरों के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए। वार्षिक रखरखाव के लिए जिम्मेदार ठेकेदार को सूचित किया जाएगा और संबंधित विभाग के इंजीनियर इस मुद्दे की समीक्षा करेंगे और मरम्मत कार्य की प्रकृति के बारे में निर्देश देंगे।

# अंडरग्राउंड जलवाहिनी के निर्माण से मकानों में महसूस हो रहा

## पूर्व स्थानीय नगरसेवकों द्वारा एपको कंपनी की सांसद, विधायक से शिकायत

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** कामतघर ताड़ाली चौकी के पास से एपको कंपनी द्वारा बृहद मुंबई मनपा की जलवाहिनी डाले जाने का काम शुरू है. जलवाहिनी का अंडरग्राउंड निर्माण कार्य शुरू होने से नजदीक स्थित तमाम मकानों में कंपन महसूस होने से स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर भारी डर फैला है. कामतघर क्षेत्र स्थानीय मनपा भाजपा वरिष्ठ पार्षद नीलेश चौधरी,अलका नारायण चौधरी, हनुमान चौधरी ने भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा एवं विधायक महेश चौगुले को लिखितपत्र सौंपकर एप्को कंपनी से स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए जाने की गुहार लगाई है.



गौरतलब हो कि,मनपा प्रभाग क्रमांक समिति 3 अंतर्गत कामतघर ताड़ाली क्षेत्र के स्थानीय भाजपा वरिष्ठ पार्षद नीलेश चौधरी,अलका नारायण चौधरी, हनुमान चौधरी द्वारा शीर्ष जनप्रतिनिधियों को दिए शिकायत पत्र के अनुसार, ताड़ाली पाइप लाइन के पास से एपको कंपनी द्वारा बृहद मनपा की नई जलवाहिनी अंडरग्राउंड को डालने की खातिर सुबह 9 से रात्रि 10.30 तक ठेकेदार कंपनी कार्य में जुटी है.अंडरग्राउंड जलवाहिनी डालने की खातिर जमीन को हैवी मशीनों से ड्रिल किए जाने के दौरान नजदीक स्थित मकानों,दुकानों में कंपन महसूस होने की शिकायत स्थानीय नागरिकों द्वारा बारंबार की जाती है. स्थानीय भाजपा मनपा पूर्व पार्षदों ने भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा और भाजपा विधायक महेश चौगुले से हजारों लोगों की जान सुरक्षा की खातिर जनहित के गंभीर मुद्दे पर कंपनी से हजारों परिवारों की जान सुरक्षा के गंभीर मुद्दे पर हस्तक्षेप की गुहार लगाई है.

## अवैध स्कूल पर शिक्षा विभाग का शिकंजा.

**भिवंडी.** निजामपुर पुलिस स्टेशन हद मीठपाड़ा क्षेत्र में शिक्षा विभाग की बगैर अनुमति स्कूल संचालित करने वाले व्यवस्थापक पर पुलिस में मामला दाखिल कराया गया है.शेलार गांव निवासी धमेन्द्र लालचंद्र भारती पर आरोप है कि उन्होंने शिक्षा विभाग से मंजूरी लिए बिना ही खोणी गांव के मीठपाड़ा इलाके में स्कूल शुरू कर रखा था.इमारत की प्रथम मंजिल पर चल रहे स्कूल को शिक्षा विभाग ने अवैध घोषित किया था.शिक्षा विभाग ने भारती को स्कूल बंद करने के लिए नोटिस भी जारी किया था।लेकिन नजरअंदाज कर स्कूल चालू रखा. शिक्षा विभाग के अधिकारी संजय लक्ष्मण आस्वले की शिकायत पर निजामपुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 223, 318(4) और बालकों के मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18(1) के तहत केस दर्ज किया है.पुलिस उप-निरीक्षक जी.एस. मुसले इस मामले की जांच कर रहे हैं.

गायिका वैशाली माडे फाउंडेशन द्वारा जिप शाला में

# विद्यार्थियों को शैक्षणिक साहित्य वितरण



**भिवंडी.** सुप्रसिद्ध गायिका वैशाली माडे फाउंडेशन की तरफ से भिवंडी तालुका पडघा समीप जिला परिषद शाला आनंदनगर बोरिवली आदिवासी पाडा शाला व जिलापरिषद शाला तलवली मराठी शाला में तमाम विद्यार्थियों को शैक्षणिक साहित्य वितरण कर मदद की गई.

सुप्रसिध्द गायिका वैशाली माडे ने विद्यार्थियों से संवाद साध कर शिक्षा की जनजागृति की. वैशाली माडे फाउंडेशन द्वारा शैक्षणिक साहित्य,पेन्सिल आदि जरूरी सामग्री वितरित की. उक्त अवसर पर सुप्रसिद्ध गायिका वैशाली माडे,माधव वाघमारे,शिरीष पवार, श्वेता पवार, तलवली अर्जुनली ग्रुप ग्रामपंचायत उपसरपंच उषा कदम,कमलेश जाधव,मिलिंद जाधव,सागर भोईर, पंकज भोईर, मुख्याध्यापक प्रकाश सोनावणे,सहशिक्षक कल्पेश जाधव आदि उपस्थित थे.

# इलेक्ट्रिक मोटर चोरी करने वाले 2 युवक गिरफ्तार

**भिवंडी.** भिवंडी में कई जगहों पर विगत दिनों हुई इलेक्ट्रिक मोटर चोरी प्रकरण में दाखिल मामलों की जांच भिवंडी क्राइम ब्रांच द्वारा की जाने के दौरान पुलिस टीम ने 2 शातिर चोरों दुर्गेश उर्फ लाला श्रीराम निशाद (22) व महाजन रामसमुज यादव (38) निवासी खोपाली जिला रायगड को गिरफ्तार कर 3 लाख 63 हजार 489 रुपए का मुद्देमाल जप्त किया है.पुलिस द्वारा पकड़े गए शातिर चोरों से अलग अलग पुलिस स्टेशनों की हद में घटित 4 चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है.पुलिस टीम ने शातिर चोरों से पानी आपूर्ति करने वाली 75 इलेक्ट्रीक मोटर, 2 एक्साईट कंपनी की बॅट और अॅल्युमिनियम स्क्रॅप का भंगार मिलाकर करीब 3 लाख 63 हजार 489 रूपये कीमत का मुद्देमाल जप्त किया है.


## आम सूचना

मैं श्री ईमरान सुभान कुरेशी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, सी ब्लॉक डो, शुक्ला चाल के पास, वीपी नाईक रोड, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 09एओ020150000) उक्त प्रॉपर्टी श्री सय्यद तंगराज बुघारी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.12.2024 सी.नं. 5651/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

श्री ईमरान सुभान कुरेशी





# हिना खान को गूगल पर सबसे ज्यादा किया गया सर्च

■ ग्लोबल लेवल पर ये स्टार्स भी हुए खूब सर्च

साल 2024 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। इस बीच गूगल ने इस साल सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली हस्तियों की लिस्ट जारी कर दी है। खास बात यह है कि इस लिस्ट में केवल तीन भारतीय स्टार्स शामिल हैं, जिनमें टीवी एक्ट्रेस हिना खान, तेलुगु एक्टर पवन कल्याण और निम्रत कौर का नाम शामिल हैं।

### इसमें कोई गर्व की बात नहीं- हिना खान

दरअसल, गूगल की 2024 की ग्लोबल सर्च लिस्ट में हिना खान को पांचवें नंबर पर जगह मिली है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 2024 की टॉप सर्च लिस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। साथ ही एक इमोशनल नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, 'मुझे बहुत से लोग इस नई उपलब्धि पर बधाई दे रहे हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए यह न तो कोई उपलब्धि है और न ही गर्व करने वाली कोई बात है।'

एक्ट्रेस ने आगे लिखा, 'किसी का हेल्थ प्रॉब्लम्स या विवादों के कारण ऑनलाइन सर्च किया जाना कोई अचीवमेंट नहीं होता। मैं चाहती हूं कि मुझे मेरी मेहनत और उपलब्धियों के लिए पहचाना जाए, न कि किसी और कारण से।'

हिना खान ने 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और 'कसौटी जिंदगी की' जैसे शो में काम किया है। इस साल की शुरुआत में एक्ट्रेस ने अपने ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी दी थी। हालांकि, हिना पूरी हिम्मत से अपनी इस बीमारी से लड़ रही हैं और रोज अपने एक्सपीरिएंस सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं।

### सर्च लिस्ट में पवन कल्याण दूसरे नंबर पर

ग्लोबल सर्च लिस्ट में पवन कल्याण दूसरे नंबर पर रहे हैं। एक्टर को तेलुगु सिनेमा में उनकी शानदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है। वह केवल एक्टर ही नहीं, बल्कि एक राजनेता भी हैं। इसी साल 2024 में वह आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बने।



## पानी चोरी पर प्लंबर पर मामला दर्ज

**भिवंडी.** मनपा जलापूर्ति विभाग ने पानी चोरी और संपत्ति नुकसान मामले में पलंबर इमरान शेख पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दाखिल किया है.वाटर विजिलेंस पथक प्रमुख विराज भोईर ने पुलिस में शिकायत की है कि, पलंबर इमरान ने मनपा की मुख्य जलवाहिनी में अवैध रूप से छेद कर आधे इंच का नल कनेक्शन लिया जिससे 3,200 रुपये का आर्थिक नुकसान और 5,000 रुपये मूल्य का पानी चोरी किया. प्रभारी जलापूर्ति अभियंता संदीप पटनावर के नेतृत्व में विजिलेंस टीम ने पानी चोरी पर नकेल कसने का अभियान चला रही है.प्लंबर इमरान शेख के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 324(4), 326(क) और 303(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है. अभियंता संदीप पटनावर ने बताया, पानी चोरी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. विजिलेंस टीम पानी चोरों पर सख्त कार्रवाई करेगी.

# EPFO अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज

**मुंबई.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में कार्यरत एक लेखा अधिकारी के खिलाफ कथित तौर पर अपनी और अपनी पत्नी की आय के ज्ञात स्रोतों से 125.44 लाख अधिक की संपत्ति अर्जित करने के आरोप में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है।

सीबीआई सूत्रों ने बताया कि ईपीएफओ के दिल्ली स्थित मुख्यालय से प्राप्त शिकायत के आधार पर सीबीआई ने अपनी जांच शुरू की। शिकायत के अनुसार, आरोपी अधिकारी के खिलाफ की गई ईपीएफओ की आंतरिक जांच में उसकी पत्नी के बैंक खाते में कुछ संदिग्ध लेन-देन का पता चला। आरोपी ने इन लेन-देन के लिए एक औचित्य प्रस्तुत किया, लेकिन जिन स्रोतों से उसके खाते में धन प्राप्त हुआ, वे संदिग्ध प्रतीत हुए।

सीबीआई के सत्यापन से पता चला कि आरोपी ने जांच अवधि के दौरान अपने नाम पर 85.75 लाख रुपये और अपनी पत्नी के नाम पर 39.69 लाख रुपये की अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की थी। जांच के निष्कर्षों से यह भी पता चलता है कि आरोपी अधिकारी की संपत्ति कथित तौर पर जांच अवधि से पहले 6.36 लाख रुपये थी और इसके अंत में 92.12 लाख रुपये की थी। जांच अवधि के दौरान, उनकी आय कथित तौर पर 1.14 करोड़ रुपये थी, जांच अवधि के दौरान व्यय 68.08 लाख रुपये था, जबकि संभावित बचत 46.05 लाख रुपये थी।

# जल जीवन मिशन के लिए प्रशिक्षण



**ठाणे.** ग्रामीण स्तर पर जल जीवन मिशन कार्यक्रम को प्रभावी करने के लिए और जल आपूर्ति योजना का संचालन, रखरखाव, दुरुस्तीकरण व सुयोजित व्यवस्थापन करने के लिए हितधारकों को प्रशिक्षण देने के लिए 16 दिसंबर 2024 से 9 जनवरी 2025 तक आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण के लिए हिमालय इनस्टिट्युट फॉर इन्व्हार्यनमेंट इकोलॉजी एंड डेव्हलपमेंट संस्था देहरादून उत्तराखंड की ओर से 1970 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिलें में ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए व उत्तम व्यवस्था करना आवश्यक है।यह बात जिला परिषद के मुख्यकार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे।जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर जल आपूर्ति योजना के संचालन, रखरखाव, दुरुस्तीकरण के उचित प्रबंधन के लिए हितधारकों को प्रशिक्षण देने के साथ- साथ जल संबंधी समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन विभाग के माध्यम से प्रशिक्षण की योजना बनाई जा रही है ताकि ग्राम स्तर की समस्याओं का समय पर निराकरण होना चाहिए। इस प्रशिक्षण के लिए मुरबाड में 445 प्रशिक्षु, शाहपुर में 550 प्रशिक्षु, भिवंडी में 605 प्रशिक्षु, कल्याण में 230 प्रशिक्षु, अंबरनाथ में 140 प्रशिक्षु कुल 1 हजार 970 प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण की जानकारी परियोजना निदेशक(जलजीवन मिशन) प्रमोद काले ने दी।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099